ग्रामीण दहशत में | घायल को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया, सात टांके लगे

# डोला में भालुओं का आतंक, बच्ची पर किया हमला




**राजनगर, नवभारत 14 सितंबर।** नगर परिषद डोला क्षेत्र में भालुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन वार्डों में भालुओं के घुसने और हमले की घटनाओं से लोग दहशत में हैं। ताज़ा मामला वार्ड क्रमांक 4 का है, जहां रविवार सुबह करीब 4.45 बजे एक भालू ने 13 वर्षीय रागनी राजभर पर हमला कर दिया। घायल बच्ची को तत्काल मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके शरीर पर सात टांके लगे। फिलहाल उसका उपचार जारी है और परिवार बेहद डरा हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि भालू अक्सर घरों में घुसकर तोड़फोड़ करते हैं और सामने आने पर हमला कर देते हैं। हालात यह हैं कि अंधेरा होते ही लोग घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हम रोज डर के साए में जी रहे हैं, बच्चों को सुरक्षित नहीं छोड़ सकते और खुद भी चैन से सो नहीं पाते।

### सीमा विवाद से बिगड़ रही स्थिति

हर बार वन विभाग यह कहकर पल्ला झाड़ लेता है कि भालू छत्तीसगढ़ से आ रहा है, वहीं वन विभाग छत्तीसगढ़ इसे मध्यप्रदेश का मामला बताता है। सीमा विवाद के इस खेल से लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर प्रशासन कब जिम्मेदारी लेगा और भालुओं का रेस्क्यू कब शुरू होगा।

### सूचना के बाद भी वन विभाग उदासीन


ग्रामीणों और पत्रकारों द्वारा कई बार सूचना देने के बावजूद वन विभाग केवल आश्वासन देता रह लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे नाराजगी बढ़ रही है। वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद प्रियंका सिंह ने वन विभाग को पत्र लिखकर मांग की है कि भालुओं को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए। उन्होंने चेतावनी दी यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो जनता आंदोलन का रास्ता अपनाएगी।

### इनका कहना है

भालुओं की संख्या ज्यादा होने से रेस्क्यू में दिक्कत होती है, फिर भी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है। जल्द ही कुछ न कुछ निराकरण किया जाएगा।

**विपिन कुमार पटेल ,**
**वन मंडलाधिकारी**
**अनूपपुर**

## संगठन की शक्ति का करें प्रदर्शन : राय



**अनूपपुर, नवभारत 14 सितंबर।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला महामंत्री उमेश राय ने कांग्रेसजनों एवं आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का अनूपपुर आगमन जिले के लिए गौरव का विषय है।

श्री राय ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री सिंघार का प्रवास 15 सितंबर को अपराह्न 4 बजे चचाई रोड स्थित न्यू बस स्टैंड, अनूपपुर में होगा। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं आम जनता की सहमति से एक भव्य स्वागत वंदन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि कांग्रेस परिवार की एकजुटता और संगठन की शक्ति का प्रतीक होगा।



# बालभारती विद्यालय रहा प्रथम स्थान पर

**जिला स्तरीय मोगली क्विज प्रतियोगिता आयोजित**

**अनूपपुर, नवभारत 14 सितंबर।** विद्यार्थियों में प्रकृति और पर्यावरण के प्रति लगाव बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय मोगली क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 13 सितम्बर को उत्कृष्ट विद्यालय के विवेकानंद सभागार में संपन्न हुई।

प्रतियोगिता में जिले के चार विकासखंडों से कुल 16 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग में विभाजित रही। वरिष्ठ वर्ग में जैतहरी ब्लॉक के बालभारती विद्यालय जैतहरी के छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कनिष्ठ वर्ग में केंद्रीय विद्यालय अनूपपुर के छात्र तथा शा. मा. विद्यालय बेसिक कोतमा की छात्रा ने प्रथम स्थान हासिल किया। दोनों ही वर्गों के विजेता प्रतिभागी अब राज्य स्तरीय मोगली क्विज प्रतियोगिता के लिए पेंच राष्ट्रीय अभ्यारण्य, सिवनी के लिए 26 अक्टूबर को रवाना होंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 27 से 29 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी।

### विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए

प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों से पर्यावरण संरक्षण एवं मध्यप्रदेश से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। प्रश्नोत्तरी का संचालन जिला क्विज मास्टर शिवदत्त पाण्डेय एवं हेतराम साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विजेताओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो एवं शा. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के वरिष्ठ व्याख्याता राकेश कुमार बांधवा ने प्रदान किए।

# गांवों में फर्जी संविलियन भर्ती से मचा हड़कंप

**कोर्ट केस के नाम पर हो रही 30-30 हजार की वसूली**

**राजनगर, नवभारत 14 सितंबर।** नगर परिषद डोला, डूमरकछार और बंनगवा में फर्जी संविलियन भर्ती का मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। यह पूरा प्रकरण इस समय न्यायालय में विचाराधीन है। हाल ही में 21 अगस्त को उच्च न्यायालय ने शासन को निर्देश दिए है कि सभी कर्मचारियों को नोटिस जारी कर सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाए।

कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक कर्मचारी को अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा और सभी दस्तावेज एवं प्रमाण रिकॉर्ड में लिए जाएंगे। इसके बाद ही अंतिम निर्णय सुनाया जाएगा। कोर्ट के आदेश के बाद फर्जी भर्ती संविलियन कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल है। सूत्रों के अनुसार कोर्ट केस को मजबूत करने के नाम पर कर्मचारियों से लगातार 30-30 हजार रुपये वसूले जा रहे हैं। आरोप है कि पहले भी लाखों रुपये की वसूली की जा चुकी है, जिसका अब तक कोई हिसाब नहीं दिया गया है।

### वसूली गई रकम किसके पास जा रही है?

कर्मचारियों का कहना है कि वे पहले से ही फर्जी भर्ती के आरोपों में फंसे हैं और अब कोर्ट व वकील के नाम पर उनसे बड़ी रकम मांगी जा रही है। कई कर्मचारियों ने बताया कि पैसा नहीं देने पर उन्हें डर दिखाया जाता है कि उनके पक्ष में बात नहीं जाएगी। इसमे सबसे प्रमुख सवाल यह है कि आखिरकार वसूली गई रकम किसके पास जा रही है और इसका हिसाब कौन देगा? विभागीय अधिकारी इस पर चुप क्यों हैं? क्या न्यायालय को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है?

### कथित वसूली की जांच करने की मांग

कर्मचारियों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि कोर्ट केस की आड़ में हो रही इस कथित वसूली की जांच कराई जाए। साथ ही जिम्मेदार लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए पारदर्शिता से सभी दस्तावेज लिए जाएं और निर्णय निष्पक्ष हो।

# संगठन को बनाया जाए मजबूत : डॉ . पटेल

**मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई की बैठक आयोजित**



**अनूपपुर, नवभारत।** विकासखंड जैतहरी इकाई के अनुरोध पर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई अनूपपुर की बैठक शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी के सभागार में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य विषय सदस्यता अभियान के अंतर्गत दी गई रसीद बंदियों को राशि एवं सूची सहित जमा करने का रहा।

बैठक में अनूपपुर, जैतहरी, पुष्पराजगढ़, नगर इकाई अनूपपुर एवं कोतमा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणावादिनी सरस्वती के स्मरण के साथ हुआ। मुख्य वक्तव्य संभागीय संगठन मंत्री डॉ. नरेन्द्र पटेल ने संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया और 15 सितंबर को प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने हेतु बड़ी संख्या में शामिल होने का आग्रह किया। प्रदेश संयोजक (जनजातीय कार्य विभाग) अनिल कुमार सिंह ने कहा कि जिला अध्यक्ष शीघ्र संभाग कार्यकारिणी को रसीद बंदियां, सूची और राज्यांश की राशि प्रेषित करें।

### समस्याओं से कराए अवगत : निगम

जिला अध्यक्ष संजय कुमार निगम ने ब्लॉक इकाइयों से शिक्षकीय समस्याओं को जिला स्तर पर अवगत कराने की अपील की ताकि उनके समाधान हेतु अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया जा सके। कार्यक्रम में संभागीय कोषाध्यक्ष रामकुमार राठौर, तहसील अध्यक्ष जैतहरी केशकली राठौर नेवी ने भी अपने विचार रखे। बैठक का संचालन जैतहरी विकासखंड इकाई अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने किया।




## नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का आगमन आज

**अनूपपुर, नवभारत 14 सितंबर।** मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार आज सोमवार 15 सितंबर अनूपपुर जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वे यहां आयोजित किसान न्याय यात्रा और वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में शामिल होकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आम जनता को संबोधित करेंगे।

जिला कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ने जानकारी दी कि उमंग सिंघार रविवार देर रात 9 बजे अमरकंटक पहुंचे। कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे अमरकंटक में मां नर्मदा की पूजा-अर्चना, दोपहर 1 बजे पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के राजेन्द्रग्राम में कार्यकर्ताओं की बैठक, दोपहर 2.30 बजे जैतहरी में जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित किसान न्याय यात्रा और वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम को संबोधित, शाम 4.15 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय अनूपपुर में जनता से मुलाकात व पत्रकारवार्ता करेंगे।

# दीपावली में काम बंद आंदोलन की दी चेतावनी

**बिजली आउटसोर्स कर्मी कलेक्टर, सांसद व विधायकों को आज सौंपेंगे ज्ञापन**

**अनूपपुर,नवभारत 14 सितंबर।** मप्र के 45 हजार बिजली आउटसोर्स कर्मियों ने धनतेरस से दीपावली तक प्रस्तावित काम बंद आंदोलन को लेकर प्रदेश के सभी 55 जिलों के कलेक्टर, सांसद, विधायकों को ज्ञापन सौंपने संबंधी अभियान शुरू कर दिया गया है। यह अभियान बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव, महामंत्री दिनेश सिसोदिया एवं जनता यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद भदौरिया के नेतृत्व में चलाया जा रहा है।



ज्ञापन में प्रमुख मांगे हैं जिनमे म.प्र. की सभी छह बिजली कंपनी में जो निकट भविष्य में करीब 50 हजार रिक्त पदों को मौजूदा एवं सेवा से पृथक अनुभवी आउटसोर्स कर्मियों की विभागीय परीक्षा लेकर उसी प्रकार भरा जाए जैसे ठेका प्रथा लागू होने से पहले पिछले 50 सालों में बिजली डेली वेजेस मस्टर कर्मियों को कच्चे से पक्का किया जाता रहा।

### 50 प्रतिशत पद आउटसोर्स कर्मियों के लिए आरक्षित करे

इस 50 हजार की भर्ती के बाद भविष्य में होने वाली सीधी भर्ती में अतिथि शिक्षकों की तर्ज पर 50 प्रतिशत पद ऊर्जा विभाग राजपत्र के जरिए बिजली आउटसोर्स कर्मियों के लिए आरक्षित करे व छोटे पद बना कर रेगुलर करें। तमिलनाडु की तर्ज पर मप्र में मुख्य कार्य सीधी भर्ती से कराएं। मप्र के राज्यपाल के हस्ताक्षर होने के बाद राजपत्र क्रमांक 494 दिसम्बर 2020 के मुताबिक बोनस 8.33 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया। उसे उसी तिथि से लागू कर 57 माह की 11.67 प्रतिशत की दर से बोनस एरियर राशि हर ठेका श्रमिक को दी जाए। इसके अलावा अन्य कई मांगें ज्ञापन में की जाएंगी।

### कर्मचारी ले सकते हैं सामूहिक अवकाश

ज्ञापन में कहा गया कि आए दिन बिजली तार व मीटर चोरी होने एवं मारपीट की वारदातों की रोकथाम हेतु प्रदेश के प्रत्येक वितरण केंद्र व सब स्टेशन में सुरक्षा गार्ड, हेल्पर की तैनाती की जाए। श्री भार्गव ने चेतावनी दी यदि सरकार ने बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगे नही मानी तो धनतेरस से दिपावली तक कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेने पर विवश होंगे।



## अचेत होकर गिरने से युवक की मौत

**अनूपपुर, नवभारत 14 सितंबर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव में रविवार दोपहर एक युवक की अचानक बेहोश होकर मौत हो गई। मृतक की पहचान 44 वर्षीय झल्लू कोल निवासी पिपरिया के रूप में हुई है, जो पशु चिकित्सा विभाग अनूपपुर में पदस्थ थे।

ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार झल्लू कोल घर के पास बैठे हुए थे तभी अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। तत्काल ग्रामीण संतोष पटेल व अन्य लोगों ने परिजनों की मदद से उन्हें अपनी कार से जिला चिकित्सालय पहुंचाया, लेकिन ड्यूटी डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर जिला अस्पताल पुलिस चौकी ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



# नाबालिग का अपहरण करने वाला गिरफ्तार

**कोतवाली पुलिस ने चंद घंटों में बालिका को खोजकर परिजनों को सौंपा**

**अनूपपुर, नवभारत 14 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में कोतवाली थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने चंद घंटों में ही बालिका को आरोपी के कब्जे से दस्तयाब कर सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया।

घटना 11 सितम्बर की है, जब रात करीब 9.30 बजे थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई कि रिपोर्टकर्ता की 17 वर्षीय नाबालिग बालिका, जो अपनी मौसी के घर गई थी, अचानक लापता हो गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मामला दर्ज किया। कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन के नेतृत्व में गठित टीम ने तुरंत सीसीटीवी फुटेज और सायबर सेल की मदद से पता लगाया कि आरोपी रवि वासुदेव निवासी ग्राम मजीरा (थाना बुढ़ार, जिला शहडोल) मोटरसाईकिल से बालिका को भगा कर ले गया है।

### आरोपी शादीशुदा है

रात में ही दबिश देकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और बालिका को सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया। आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी रवि वासुदेव पहले से शादीशुदा है और तीन बच्चों का पिता है। उसका नाबालिग बालिका के गांव में आना-जाना था और उसने विश्वास में लेकर बालिका को बहला-फुसलाकर भगाया था।

तत्कालीन डॉक्टर वर्मा पूरे स्टाफ के साथ यात्रा के दौरान यात्रियों की स्वास्थ्य सेवा करते थे

# 1987 में पहली बार निकली थी कोतमा से मैहर पद रथ यात्रा

**कोतमा नवभारत 14 सितंबर।** कोतमा नगर से मैहर पद रथ यात्रा का इतिहास लगभग 38 साल पुराना है। सबसे पहले कोतमा नगर से 1987 में मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के लिए मैहर पद रथ यात्रा करते हुए रवाना हुईं थीं, जिसमें कोतमा नगर के कई भक्त शामिल थे।



1987, 1990, 1993 में शारदा मन्दिर से कोतमा नगर भ्रमण करते हुए यह यात्रा मां के दरबार मैहर के लिए रवाना हुईं थीं। उसके पश्चात् 2015, 2021 को रवाना हुई, इस यात्रा की खूबसूरत तस्वीर यह रही कि कोतमा नगर में तत्कालीन समय के डॉक्टर वर्मा अपने पूरे स्टाफ के साथ यात्रा के दौरान विभागीय वाहन से वहां पहुंचते थे और पद यात्रा कर रहे यात्रियों की स्वास्थ्य सेवा करते थे। वार्ड पांच के सुदर्शन रैकवार के पिता शंकर रैकवार हनुमान की वेशभूषा में उस पद यात्रा में शामिल होते थे।

### पहली बार 1968 में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई

बुजुर्गों से जुटाई जानकारी के अनुसार कोतमा नगर में पहली बार 1968 में शारदा मन्दिर प्रांगण में मां दुर्गा की प्रतिमा रखी गई, इस सम्बन्ध में जब स्वर्गीय जमुना प्रसाद वर्मा की धर्म पत्नी से बात की गई तो उन्होने नवरात्रि का इतिहास बताते हुए बताया की पहली बार मूर्ति जबलपुर से मंगाई गई थी , एवम कोतमा नगर में नवरात्रि में मां दुर्गा की नौ दिनो तक प्रतिमा रखने की शुरुआत स्वर्गीय जमुना प्रसाद वर्मा ने की, स्वर्गीय जमुना प्रसाद वर्मा का परिवार 1993 से लगातार साल में दो बार नवरात्रि के पर्व में स्वर्गीय जमुना प्रसाद वर्मा का परिवार मैहर में विशाल भंडारा करवाता है।

### 1987 की यात्रा में ये रहे शामिल

प्राप्त जानकारी के अनुसार 1987 में कोतमा नगर से पहली बार मैहर के लिए पदयात्रा निकाली गई थी। इसमें मुख्य रूप से स्व. जमुना प्रसाद वर्मा, स्व. संपत अग्रवाल, राम गोपाल गर्ग, स्व. पुरुषोत्तम अग्रवाल, स्व. सीताराम सोनी, स्व. मानिक नामदेव, स्व. रामाधार गौतम, स्व. बद्दी प्रसाद शुक्ला, स्व. शंकर सिंग चंदेल स्वर्गीय छेद्दी अग्रवाल, स्वर्गीय बसंत सराफ, स्वर्गीय ललऊ सोंधिया, स्वर्गीय महेंद्र सरदार, स्व. मिठाई लाल गुप्ता, स्व. गोविंद पनिका, स्व. मंडल केवट, रमेश ताम्रकार, शंकर रैकवार, स्वर्गीय डॉक्टर वर्मा एवम अन्य सैकड़ो भक्त शामिल रहे।